राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–170/2024

वर्ष 2047 तक विकसित भारत के नवनिर्माण हेतु सहकार की भावना से काम करना होगा–राज्यपाल

पटना, 25 अगस्त, 2024 :– ''वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपनों को साकार करने हेतु हम सबको सहकार की भावना से काम करना होगा। मानवीय संस्कार ही सहकार की भावना को बलवती बनाते हैं।'' –उक्त उद्‌गार माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने स्थानीय ऊर्जा ऑडिटोरियम के सभागार में 'सहकार भारती' के एफ०पी०ओ० प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे एवं आखिरी दिन प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

उक्त अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि कृषि क्षेत्र के समग्र विकास से ही विकसित एवं समृद्ध भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा एवं दृढ़ संकल्प के साथ कृषकों के बीच जाकर सहकार की भावना से काम करने पर हीं देश की प्रगति तेजी से होगी। उन्होंने कहा कि अपने पास की जानकारी को दूसरों तक पहुँचाना बहुत जरूरी है। सहकार की भावना का मतलब ही है– समर्पित भाव से सबके उपकार एवं कल्याण की कामना।

राज्यपाल ने देश भर से आए कृषक एवं सहकारिता प्रक्षेत्र के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बताया कि पिछले दिनों गोवा के किसानों एवं विद्यार्थियों का एक दल डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (समस्तीपुर) में मशरूम एवं इससे जुड़े उत्पादों की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन आदि का प्रशिक्षण प्राप्त करने बिहार आया था। इस दल ने राजभवन भी पहुँचकर मुझे अपने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान की जानकारी दी थी। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे कृषक–समूहों के परिभ्रमण से ज्ञान का आदान–प्रदान होता है तथा कृषि एवं इसके अनुषंगी प्रक्षेत्रों का विकास होता है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम के दौरान सहकार भारती, बिहार प्रदेश की स्मारिका ''सहकार सुगंध'' का भी विमोचन किया। उन्होंने संस्था के एस०एच०जी० डाटा कलेक्शन पोर्टल का भी इस अवसर पर लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के दौरान 'सहकार भारती' के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री संजय पचपोर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। राज्यपाल श्री आर्लेकर को राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष श्री रामदयाल जी ने अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिह्न सादर भेंट किया।

कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित रहनेवालों में प्रमुख थे– सिक्किम के पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद, 'सहकार भारती' के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दीनानाथ ठाकुर, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ० उदय जोशी, राष्ट्रीय संगठन सचिव श्री संजय पचपोर, राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष श्री रामदयाल तथा प्रदेश महामंत्री शशि बाला जी।

....